Rashtriya Uran Akademi (IGRUA) during the last 3 years is as follows:-

(Rs. in lakhs)

1991-92	293.91
1992-93	317.37
1993-94	278.36

(b) During the last 3 years IIGRUA has trained a total of 102 pilots. The year-wise break-up is as under:—

Year	Total
1991-92	51
1992-93	08
1993-94	43
	102

Timing of Indian Airlines and Air taxi fights

5857. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state what tre the guidelines, criteria and procedure to decide the timing of Indian Airlines and Air Taxis to fly from the same centre?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): Schedules of Indian Airlines are prepared after taking into account availability of oprating aircraft, air space, airport and traffic. Air Taxis are Non_schedule/ charter operators and they are not required to operate in accordance with any schdule.

Objecttionh to steps for checking bird hits

5858. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Ministry of Environment and Forests has taken objections to some of the steps to eliminate the bird hits taken by the Ministry of Civil Aviation and Tourism; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

एयर टैक्सियों के किराये

5859. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश भर में चल रही एयर टैक्सियों उपभोक्ताओं से मनमाने ढंग से किराया वसूल रही है जिसके फलस्वरूप उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है ;

(ख) क्या सरकार को वर्तमान एयर कारपोरेशन अधिनियम के अधीन एयर टैक्सियों द्वारा वसूल किये जा रहे मनमाने ढंग से किरायों पर प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार है ;

(ग) यदि हां तो इस अधिकार का उपयोग न कर पाने के लिए क्या कारण हैं ;

(घ) क्या इस अधिकार का उपयोग किया गया है, यदि हां, तो इसका कब प्रयोग किया गया था; और उसके क्या परिणाम निकले हैं ;

(ङ) क्या यह सच है कि अर्चना एयरवेज ने पिछले दो-तीन महीनों के दौरान दिल्ली-कुल्लू को अपने किराये में तीन गुना वृद्धि की है जिससे पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है ; और

(च) यदि उपर्युक्त भाग (घ) का उत्तर "हां" में हो तो इस मनमानेपन को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ङ) एयर टैक्सी प्रचालकों द्वारा लिये जाने वाले किरायों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। वे लोग अपने उत्तम वाणिज्यिक निर्णय में किराया निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं। वायु निगम अधिनियम, 1953, जिसका 1 मार्च, 1994 का निरसन कर दिया गया है, एयर टैक्सी प्रचालकों पर लागू नहीं था।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

पटना दिल्ली उड़ानों में विलंब

5860. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी से 31 मार्च, 1994 तक की अवधि के दौरान पटना से दिल्ली की उड़ान संख्या 810 और दिल्ली से पटना की उड़ान संख्या 809 कितने दिनों तक समय पर चली और कितने दिनों तक विलम्ब से चली ;

(ख) विलम्ब से चलने के मुख्य कारण क्या है और सरकार ने उस समय यात्रियों को पेश आई असुविधाओं को दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) सरकार भविष्य में इस तरह के विलम्ब से बचने के लिए और नियत समय पर यात्रियों को उड़ान उपलब्ध करने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) इस अवधि के दौरान 178 उड़ानों में से (आई सी–809 और आई सी 810 क्रमशः दिल्ली और पटना से) 103 उड़ानों में विलम्ब हुआ था और 5 उड़ानें रद्द हुई थीं। 70 उड़ानें समय पर प्रचालित हुई थीं।

(ख) विमान अनुरक्षण और हैंडलिंग के कारण 16 उड़ानों में विलंब हुआ था और 3 उड़ानें रद्द हुई थीं जबकि विमानपत्तन प्रतिबंधों, खराब मौसम, परिणामी और अन्य विविध कारणों से 8% उड़ानों में विलब हुआ था और 2 उड़ानें रद्द हुई थी। विलंब/रद्द होने के मामले में भोजन/होटल आवास के लिए स्थिति की मांग के अनुसार समुचित प्रबन्ध किया जाता है।

(ग) कारणों का पता लगाने के लिए सभी विलंबों का विश्लेषण किया जाता है और जहां कहीं संभव हो उपचारी उपाय किए जाते है परिणामी विलबों को कम करने की दृष्टि से 3 अप्रैल, 1994 से विमान प्रचालन योजना पुनर्निर्धारित की गई है।

सहारा इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में जांच में विलंब

5861. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री 21 अप्रैल, 1994 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 353 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सहारा इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जांच में जानबूझकर विलंब किया गया है अथवा किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि दमानिया एयरवेज का लाइसेंस रद्द कर दिया गया जबकि सहारा एयर लाइंस के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गयी है ;